# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
<u>बिहार लोक भवन, पटना–800022</u>

## <u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

***संख्या–138/2026***

## राज्यपाल ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर <u>अमर शहीदों को नमन किया</u>

**पटना 26 जुलाई, 2026 :–** माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर गाँधी मैदान, पटना के पूर्वोत्तर छोर स्थित शहीद–ए–कारगिल स्मृति स्थल (पार्क) में आयोजित राजकीय समारोह में पुष्पचक्र अर्पित कर कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को नमन किया तथा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बिहार रेजीमेंट के सैन्य पदाधिकारी एवं जवान तथा अन्य लोगों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किये।